दिन–रविवार दिनांक– 10 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार पुलिस में पन्द्रह हजार से अधिक पदों पर विशेष सहायक पुलिस, सैप की अनुबंध पर नियुक्ति की जायेगी। इसकी प्रक्रिया एक जून से शुरू होगी। पुलिस मुख्यालय ने जवानों की भर्ती के लिए पटना जिले के दानापुर कैन्ट स्थित सेवा रोजगार कल्याण संगठन को नोडल इकाई बनाया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को बिहार का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

————————————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए प्रकाशित प्रारूप प्रपत्र–एक पर आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि अठारह मई निर्धारित की है। आयोग के अनुसार आपत्तियों के निपटारे से असंतुष्ट रहने पर अपीलवाद दाखिल किया जा सकता है। इस अपील का निपटारा भी सात दिनों के अन्दर कर दिया जायेगा। वहीं, प्रारूप एक का अंतिम प्रकाशन पन्द्रह जून को किया जायेगा।

————————————————————————

राज्य में पुलों की सुरक्षा और उनके रख–रखाव में अनियमितता के मामलों में इंजीनियर और उससे संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। पथ निर्माण सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि पुलों की गुणवत्ता और सुरक्षा के साथ समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग की देखभाल करने वाली संस्थाओं को पुलों का सुरक्षा ऑडिट करने का निर्देश दिया है।

————————————————————————

तमिलनाडु में टीवीके पार्टी के संस्थापक सी. जोसेफ विजय ने आज सुबह राज्य के पहले गैर द्रविड़ पार्टी के नेता के रूप में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल

राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इधर, असम में भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमंत बिस्वा सरमा को भाजपा और एनडीए दोनों के विधायक दल का नेता चुना गया है। श्री सरमा राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

———————————————————————

शिक्षा मंत्रालय गर्मी की छुट्टियों में, देश के सभी स्कूलों में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करेगा। एक सप्ताह का यह शिविर भारतीय भाषाओं में बुनियादी संवाद कौशल सीखने, शब्दों को जानने, अपना परिचय देने, वास्तविक जीवन की बातचीत और संस्कृति की सराहना पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरुप समावेशी और समान शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में आंधी—बारिश की स्थिति बनी हुई है। आज सुबह राजधानी पटना, वैशाली, सारण, मुजफ्फरपुर सहित आस—पास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीमांचल के क्षेत्रों सहित प्रदेश के उत्तर—पश्चिम और दक्षिण—पूर्व भागों में तेज हवा के साथ मेघगर्जन का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम में परिवर्तन से राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी में न्यूनतम तापमान उन्नीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, कैमूर, सारण, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा और मुंगेर में न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गई।

———————————————————————

अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के एनएच एक सौ उनतालीस पर दो वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————————

सीवान के पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने कहा है कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिले के सभी थानाध्यक्षों और अन्य पुलिस अधिकारियों की बैठक में श्री झा ने हत्या, आर्म्स एक्ट और संगीन मामलों में तेजी से चार्जशीट दाखिल कर अपराधियों को सजा दिलाने का निर्देश दिया।

————————————————————————

पश्चिम चंपारण के बेतिया नगर निगम ने झिलिया मोहल्ले में एक करोड़ बियासी लाख रूपये की लागत से तीन महत्त्वपूर्ण विकास योजनाओं को पूरा करने की पहल शुरू की है।

————————————————————————

समाप्त